गोबर पेंट से बनी पेंटिंग लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

चर्चा में क्यों?

16 मई, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में विश्व पृथ्वी दिवस पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में इको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई गोबर की पेंटिंग को 'लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड'में दर्ज किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा गोबर पेंट से एक घंटे में 3600 वर्ग फीट की पेंटिंग बनाई गई, जिसे 'गोबर पेंट से बनी सबसे बड़ी पेंटिंग'के रूप में 'लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड' में दर्ज किया गया है।
- गौरतलब है कि विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल, 2023 के अवसर पर इको क्लब के विद्यार्थियों ने 'इनवेस्ट इन आवर प्लैनेट'थीम पर लाईफ अभियान के तहत एक घंटे में यह पेंटिंग बनाई थी।
- यह पेंटिंग राजधानी रायपुर के एक मॉल में 100 से अधिक बच्चों ने बनाई थी।
- छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर 2 दिवसीय जागरूकता अभियान भी चलाया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/painting-made-of-cow-dung-paint-recorded-in-limca-book-of-world-records